11/07/2021

Hindi Kshitiz पाठ = 3 रीढ़ की हड्डी

प्रश्न = उत्तर

प्र0=1 रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद बात-बात पर "एक हमारा जमाना था" कहकर अपने समय की तुलना वर्तमान समय से करते हैं। इस प्रकार की तुलना करना कहाँ तक तर्कसंगत है?

उ0=1 रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद बात-बात पर "एक हमारा जमाना था" कहकर अपने वर्तमान समय से करना कुछ हद तक तो उचित है किन्तु उस जमाने की अपेक्षा आज युग आधुनिक उच्च तकनीकी शिक्षा खेल और जीवन शैली के सहारे विकास की ओर अग्रसर है अतः वह जीवन बीता हुआ जमाना साथ करना विकास की गति पर विराम लगाने की दिशा मे लेता चला जायेगा।

प्र0=2 रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए छिपाना, यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है?

उ0=2 रामस्वरूप की विवशता यह है कि आधुनिक समाज पढ़ी-लिखी लड़की को पसंद करता है किन्तु जहा उन्हें विवाह करना है वे उच्च शिक्षा को पसंद नही करते। विवाह की समस्या ही उनकी वास्तविकता और छिपाव की विवशता को उजागर करती है।

प्र०:3 अपनी बेटी का विवाह तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं, वह उचित क्यों नहीं है?

उ०:3 अपनी बेटी का विवाह करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे वह इसलिए उचित नहीं है क्योंकि ऐसा करके वे उच्च शिक्षा प्राप्त एक मुख्य व्यक्तित्व को बेबस अनपढ़ या लाचार औरत की स्थिति की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

प्र०:5 आपके लाड़ले बेटे की रीढ़ की हड्डी भी है या नहीं" उमा इस कथन के माध्यम से शंकर की किन कमियों की ओर संकेत करना चाहती है?

उ०:5 उमा इस कथन के माध्यम से शंकर की चरित्र हीनता और आवारागर्दी जैसी कमियों और संकेत करना चाहती है।

प्र०:6 शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है तर्क सहित उत्तर दीजिए?

उ०:6 समाज को उमा जैसी लड़की के व्यक्तित्व की आवश्यकता है, क्योंकि स्पष्टवादी दृढ़निश्चयी और साहसी व्यक्तित्व ही

सामाजिक व्यक्ति को सही दिशा दे सकता है

प्र0-7 रीढ़ की हड्डी ? शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए ?

उ0-7 रीढ़ की हड्डी शरीर के सन्तुलन को बनाने मे प्रमुख भूमिका निभाती है। रीढ़ की हड्डी विचारो का भी प्रतीक है। जिसके विचार ही दृढ़ नही होगे वह जीवन के किसी भी क्षेत्र मे कमजोर सिद्ध होगा।

प्र0-8 कथावस्तु के आधार पर आप किसे एकांकी का मुख्य पात्र मानते है और क्यो ?

उ0-8 कथावस्तु के आधार पर आधार पर उमा एकांकी की प्रमुख पात्र है क्योकि अन्य पात्र उसके विवाह और विचारो पर आश्रित है।

प्र0-9 एकांकी के आधार पर रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताए बताइए ?

उ0-9 एकांकी के आधार पर रामस्वरूप संकोची विवश और आधीर होने वाले पात्र है। गोपाल प्रसाद दोहरी मानसिकता वाले रूढ़िवादी तथा कटुसत्य को सहन कर पाने मे असमर्थ पात्र है।